सार-समाचार

अवैध अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण की विशेष टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 1.570 ग्राम अवैध अफीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 2000 का इनाम भी घोषित किया गया था। फिलहाल मामला दर्ज कर पुलिस अब उनसे अवैध मादक पदार्थ खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि जिला विशेष टीम और बालेसर / शेरगढ़ थाने की पुलिस ने मिलकर कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकनसिंह राजपूत निवासी राजपूतों की ढाणी सोईतरा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1.576 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद किया गया। मामले की जांच चामू थाना अधिकारी ओमप्रकाश कर रहे हैं। आरोपी पर बालोतरा पुलिस ने 2 फरवरी 2024 को समदड़ी थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में 2000 का इनाम भी घोषित कर रखा था। आरोपी के खिलाफ दो थानों में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस कार्रवाई में जिला विशेष टीम के प्रभारी अमानाराम, चिमनाराम, भवानी चौधरी, पप्पू राम, मोहन राम, हरसुखराम, मदनलाल मीणा और बालेसर थाना अधिकारी नरपत दान, भरत, हेमंत, शंकर लाल शामिल थे।

राज्य बजट के लिए सुझाव लिए जा रहे

जालोर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को केन्द्र बिन्दु मानकर आगामी बजट वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार कर रही है। इसी दिशा में आम नागरिक, युवा, महिला, किसान, श्रमिक, उद्यमी, गैर सरकारी संगठनों सहित विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी बजट पर सुझाव भी लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 16 से 22 जनवरी तक विभिन्न हितधारकों के साथ आयोजित होने वाली बजट पूर्व बैठकों में चर्चा करेंगे। 16 जनवरी को कर्मचारी संघों, 17 जनवरी को चिकित्सा क्षेत्र तथा जनजातीय क्षेत्र, 20 जनवरी को उद्योग एवं सेवा तथा कर सलाहकारों, व्यापार व उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से बजट पर सुझाव हेतु चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार 21 जनवरी को युवा व खेल क्षेत्र तथा महिला प्रतिनिधियों व प्रतिभाशाली छात्र, 22 जनवरी को किसान, पशुपालक व डेयरी संगठनों तथा एनजीओ व उपभोक्ता फोरम आदि से भी सुझाव लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि आगामी बजट को लेकर वित्त विभाग की वेबसाइट पर 10 जनवरी तक सुझाव ऑनलाइन दर्ज किए जा रहे हैं। अब तक हितधारकों एवं विभिन्न वर्गों द्वारा 75 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।,

बाइक ले जाने वाला कर्मचारी पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के जालोरी गेट स्थित एक बाइक शोरूम से उसका कर्मचारी बाइक लेकर चंपत हो गया। शोरूम संचालिका की तरफ से खांडाफलसा थाने में रिपोर्ट दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने जांच पड़ताल कर अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, उसकी निशानदेही पर बाइक को जब्त किया गया है। घटना 20 दिसंबर की है। खांडाफलसा थाने के एएसआई बाबूराम ने बताया कि हिम्मत भवन जालोरी गेट की रहने वाली कोर्णाका पुत्री हिम्मतसिंह गहलोत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका एक बाइक शो रूम हिम्मत जय मोटर्स के नाम से जालोरी गेट चौपासनी रोड पर आया है। जहां से 20 दिसंबर को उसके शोरूम का कर्मचारी हिमेश प्रजापत नई बाइक स्पलेण्डर को चुरा ले गया है। एएसआई बाबूराम ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश आरंभ की गई। इस पर आरोपी मूलत: डांगियावास के कांकेलाव हाल राइकाबाग स्थित एक हैण्डीक्राफ्ट शोरूम निवासी हिमेश प्रजापत पुत्र विजय प्रजापत को गिरफ्तार कर बाइक को जब्त किया गया है। आरोपी तीन साल से शोरूम पर कार्य कर रहा था।

महिला पार्षद के सूने घर में चोरी

जोधपुर , (कासं)। जिले के पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र में एक महिला पार्षद के घर चोरी हो गई। चोर महिला पार्षद के बंद पड़े आवास में ताले तोडक़र पचास हजार नकदी के साथ सोने चांदी के जेवरात ले उड़े। पुलिस ने बताया कि पंचवटी कॉलोनी में रहने वाली महिला पार्षद तारा खींची अपने पति व बच्चों के साथ गत 31 दिसम्बर को अपने मायके नागौर गई हुई थी। रविवार देर शाम लौटी तो मुख्य दरवाजा बंद था लेकिन ताला नहीं था। घर के अन्दर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ पड़ा था। दरवाजा खोलकर अन्दर जाकर देखा तो बैडरुम का सामान बिखरा हुआ और अलमारी खुली हुई पड़ी थी। उसमें रखा सामान भी बिखरा हुआ पड़ा था। वहीं अलमारी में रखे हुए 50 हजार रुपए, तीन तोले सोने का हार, चांदी का कन्दोरा वजनी करीब आधा किलो, छह पायजेब की चांदी जोडिय़ों, बिछिया, ब्रासलेट आदि चांदी के आइटम अज्ञात चोर चुरा ले गए। पुलिस ने पार्षद के पति ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल का अवलोकन कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

छह किलो डोडा पोस्त बरामद

जोधपुर, (कासं)। शहर के राइकाबाग बस टर्मिनल पर आकर रूकी डूंगरपुर डिपो की एक बस से लावारिश हालत में मिले बैग से छह किलो से ज्यादा अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ है। अज्ञात शख्स के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पकड़े जाने के डर से अज्ञात शख्स बैग को लावारिश छोडक़र भाग गया। उदयमंदिर थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को डूंगरपुर डिपो की बस राइकाबाग टर्मिनल पर आकर रूकी थी। बस से सवारियां उतर कर जा चुकी थी। बस के परिचालक राजेंद्र सिंह जोधा ने बाद में बस को चेक किया तो पता लगा कि एक बैग लावारिश हालत में पड़ा था। तब उसे चेक करने पर पता लगा कि उसमे अवैध डोडा पोस्त भरा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार बैग में 6.338 ग्राम अवैध डोडा पोस्त भरा था। अज्ञात शख्स के खिलाफ अब केस दर्ज किया गया है। मामले में अठिाम पड़ताल की जा रही है।

छंगाई करते नीम से गिरे युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती बड़ली क्षेत्र में एक युवक अपने घर पर नीम के पेड़ की छंगाई कर रहा था। पैर फिसलने से अचानक नीचे गिर गया। मालूम पड़ते ही हम घर वाले उस अस्पताल लेकर पहुंचे मगर अस्पताल में उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बड़ली राजपुरोहितों का बास निवासी शुभम सिंह अपने घर पर नीम के पेड़ की छंगाई कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक से पेड़ से नीचे गिर गया। उसे उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। इस बारे में उसके रिश्तेदार बड़ली राजपुरोहितों का बास निवासी दुर्ग सिंह पुत्र अचलसिंह राजपुरोहित की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई करने के उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया।

साइबर ठगी के 23 हजार रुपए रिफंड

जोधपुर , (कासं)। फलोदी जिले के चाखू थाना क्षेत्र में साइबर फ्रॉड मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की 23 हजार रुपए की राशि को रिफंड करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के अनुसार मोटाई निवासी कुलदीप को एक अज्ञात कॉलर ने लालच देकर 23 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली थी। जब कुलदीप को अहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है, तो उसने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। एसपी पूजा अवाना के निर्देश पर एएसपी ब्रजराज सिंह चारण के नेतृत्व में साइबर सेल के कर्मचारियों भवानी सिंह इन्दा और रेंवतराम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक खातों से संबंधित जानकारी प्राप्त की और संबंधित बैंक के नोडल अधिकारियों से संपर्क कर फ्रॉड राशि को फ्रीज करवा दिया। जांच के बाद न्यायालय से आदेश प्राप्त कर पीड़ित के बैंक खाते में फ्रॉड राशि रिफंड करवा दी गई।

साधारण सभा की बैठक कल

सायला, (निसं)। पंचायत समिति सायला की साधारण सभा की बैठक 9 जनवरी, गुरूवार प्रात: 11:30 बजे प्रधान ढोमीदेवी पुरोहित की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी। पंचायत समिति सायला की साधारण सभा की बैठक में गत बैठक कार्यवाही का पठन व अनुमोदन, जल, विधुत, सडक, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण व कृषि से जुडी समस्याओं एवं ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी विकास अधिकारी गौरव बिश्नोई ने दी।

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू जाति के लोगों ने प्रदर्शन किया

पाली, (नि.सं.)। पाली में डी.एन.टी. समन्वय समिति के तत्वावधान में मंगलवार दोपहर को विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू जातियों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलैक्ट्रेट पहुंचे। इन्होंने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि सरकार उनकी मांगों को लेकर उचित फैसला नहीं लेती है, तो प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन के बाद जयपुर जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करेंगे।

राष्ट्रीय पशुपालक संघ एवं डीएनटी समन्वय समिति के अध्यक्ष लालजी राईका ने बताया कि विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समाजों के लिए रेनेके और इदाते आयोग की रिपोर्ट की सिफ़ारिशों के आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों ने नीतियां बनाई हैं, लेकिन राजस्थान सरकार ने केवल उदासीन रवैया अपनाया है।

उन्होंने कहा कि जातियों को सूचीबद्ध करने में अनेक विसंगतिया हैं। जैसे रैबारी लिखा है, लेकिन उसके पर्याय शब्द राईका (रायका) और देवासी नहीं लिखा है। इससे उनके पहचान सर्टिफिकेट नहीं बन रहे। जोगी कालबेलिया लिख दिया, जबकि जोगी और कालबेलिया अलग अलग है, बावरी लिखा है, लेकिन बागरिया नहीं लिखा है।

बताया कि नायक और भोपा एक ही जाति है, लेकिन उनको अलग-अलग वर्ग में डाल दिया है। बंजारा, भाट और राव एक ही है, लेकिन उनमें भी भूल की है।

इनके सुधार के लिए कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भी दिया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे

बता दें कि सुबह सभी सूरजपोल देवासी समाज के हॉस्टल में एकत्रित हुए। वहां से रैली के रूप में सूरजपोल चौराहा, अंबेडकर सर्किल, शिवाजी सर्किल होते हुए कलेक्टर ऑफिस ऑफिस पहुंचे।

पाली में डी.एन.टी. समन्वय समिति के तत्वावधान में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू जातियों के लोग रैली के रूप में ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

24 तोला सोने के गहने चुराने के 2 आरोपी गिरफ्तार

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर की एक महिला के बैग से 9 महीने पहले 24 तोला सोने के गहने चोरी हुए थे। पुलिस ने अब हरियाणा के रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सीओ सिटी देरावर सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल 2024 को जोधपुर जिले के ढंढोर (खेडापा) हाल पाली के विद्यानगर बांगड कॉलेज के पीछे रहने वाले जगदीश सिंह राजपुरोहित ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

रिपोर्ट में बताया था कि उसकी पत्नी 20 अप्रैल 2024 को पाली के नया बस स्टैंड से बस में ढिढोरा गांव जाने के लिए बैठी थी। जोधपुर से ढिढोरा के लिए दूसरी रोडवेज बस में सवार होकर गई। उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्नी के सूटकेस में रखे करीब 24 तोला सोने के गहने चोरी कर लिए।

रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पाली से लेकर जोधपुर बस स्टैंड के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें आरोपियों के बारे में सुराग हाथ लगे। मामले में हरियाणा के सांसी गैंग से जुड़े खरल (गढी) जिला जींद हरियाणा निवासी 37 साल के सुरेन्द्र पुत्र जहांगीर, हिसार जिले के भकलाना (बास) निवासी 37 साल के जोगेन्द्र पुत्र सतबीर को गिरफ्तार किया। जिनसे चोरी किए गहनों को लेकर पूछताछ जारी है।

कोतवाल किशोर सिंह ने बताया कि इस मामले में इससे पहले 49 साल के राजेन्द्र पुत्र बीरूराम निवासी उगालन, पुलिस थाना बास, हिसार, हरियाणा को गिरफ्तार किया था। इस मामले आरोपियों को पकड़वाने मे कोतवाली थाने के कॉन्स्टेबल जितेंद्र बागोरा और महेश जाट की मुख्य भूमिका रही।

दंपती व बच्चों के शव बावतरा घर पहुंचे, अंतिम संस्कार किया

सायला, (निसं)। सायला पुलिस थानाक्षेत्र के जीवाणा-भीनमाल स्टेट हाइवे पर उन्नडी-पोषाणा के बीच बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की अवैध बजरी से भरे डंपर द्वारा कुचलने से मौत के बाद तीसरे दिन मंगलवार को मृतकों के शव का पोस्टमार्टम हुआ।

सायला के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोच्युरी में चारों शवों का मेडिकल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। दोपहर को मृतकों के शव बावतरा पहुंचे तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही शव घर पहुंचे परिजनों के हृदय विदारक विलाप ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। ग्रामीणों व समाजबंधुओं ने रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया।

मृतक के माता-पिता और दस वर्षीय बेटे राहुलपुरी का रो-रोकर बुरा हाल था। गमगीन माहौल में मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को एक सड़क हादसे में बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी (32 वर्ष), उसकी पत्नी डिम्पल देवी (30 वर्ष), बेटी चिंटू (8 वर्ष) और बेटे राजपुरी (5 वर्ष) को अवैध बजरी से डंपर ने कुचल दिया था, जिससे चारों की मौत हो गई थी। मृतका डिम्पल देवी गर्भवती भी थी। अब उत्तमपुरी के परिवार में बड़ा बेटा राहुलपुरी ही बचा है। वहीं मृतक के भाई रमेशपुरी ने डम्पर चालक के विरूद्ध तेज गति व लापरवाही से डम्पर चलाकर गलत दिशा में आकर बाइक के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है।

जोधपुर के गोयल हॉस्पिटल को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

- '114 के तहत अपरिपक्व अनुमानों ने पेशेवरों को अनावश्यक रूप से कलंकित किया, इसलिए न्यायालयों को संयमित होना चाहिए'
- 'इस धारा के दुरुपयोग को रोकने के साथ व्यक्तियों की प्रतिष्ठा और कानूनी व चिकित्सा प्रणालियों दोनों में जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए'

जोधपुर , (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले से जोधपुर शहर के गोयल हॉस्पिटल को बड़ी राहत मिली है।

गोयल हॉस्पिटल से जुड़े मामले में ट्रायल कोर्ट के प्रसंज्ञान लेने पर टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि चिकित्सा-कानूनी मामलों में न केवल प्रतिष्ठा बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में जनता का विश्वास भी शामिल है। ऐसे में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 के तहत अपरिपक्व अनुमानों ने पेशेवरों को अनावश्यक रूप से कलंकित किया है। इसलिए, न्यायालयों को संयमित होना चाहिए और इस धारा के दुरुपयोग को रोकने के साथ व्यक्तियों की प्रतिष्ठा और कानूनी व चिकित्सा प्रणालियों दोनों में जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए।

दरअसल, नंदलाल व्यास की ओर से एक मामला इस बात का दर्ज करवाया गया था कि उनके जीजा को एस्कॉर्ट्स गोयल हार्ट सेंटर जोधपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें जो पैथोलॉजी रिपोर्ट दी गई, उसमें हस्ताक्षरों में विसंगति थी, जिससे पता चलता है कि अस्पताल प्रशासन ने इलाज करने वाले डॉक्टर के साथ मिलीभगत की और फर्जी पैथोलॉजिकल रिपोर्ट के आधार पर झूठे बिल बनाए।

आरोप लगाया गया कि यह जानते हुए भी कि मेडिकल रिपोर्ट झूठी थी, डॉक्टरों ने गलत चिकित्सा उपचार निर्धारित किया जो मरीज के लिए घातक साबित हुआ।इस केस पर निचली अदालत ने प्रसंज्ञान लिया।

हाईकोर्ट जस्टिस फरजंद अली ने प्रकरण में दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कहा कि मेडिको-लीगल मामलों में, जहां अक्सर दांव पर सिर्फ प्रतिष्ठा ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में सार्वजनिक विश्वास भी शामिल होता है। वहां अनुमानात्मक तर्क के परिणाम बहुत ज्यादा होते हैं। न्यायालयों को ऐसे मामलों में सामान्य अनुमान के सिद्धांत को लागू करने से बचना चाहिए, जब तक कि आरोपों को पुष्ट करने के लिए स्पष्ट, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से स्वीकार्य सबूत पेश न किए जाएं।

ऐसे मामलों में सावधानीपूर्वक न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है, खासकर तब जब डॉक्टर ने हस्ताक्षर की प्रामाणिकता का खंडन नहीं किया हो। हाईकोर्ट ने कहा कि चिकित्सा-कानूनी मामलों में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 के तहत अनुमान लगाने का जोखिम बहुत अधिक है और इसलिए ऐसे मामलों में न्यायालय को सामान्य अनुमान के सिद्धांत को लागू करने से बचना चाहिए। जब तक कि आरोपों को प्रमाणित करने के लिए स्पष्ट, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से स्वीकार्य साक्ष्य उपलब्ध न हों।

युवक को नौकरी का झांसा, ठगा

जोधपुर , (कासं)। झालामंड क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को उसके मालिक प्रोपर्टी डीलर ने झांसे में लेकर ठगी कर ली। युवक को एम्स में संविदा पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। साथ ही मकान के रजिस्ट्री का भी आश्वासन दिया। आरोपी ने खुद को मुख्यमंत्री से जान पहचान और रिश्तेदारी होना बताया। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरँभ की है।

कुड़ी पुलिस ने बताया कि हनुमान नगर चकेणियों की ढाणी झालामंड निवासी शक्तिसिंह पुत्र खींवराज की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसकी पहचान कुछ समय पहले चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी मोतीलाल पुत्र हरिकिशन से हुई थी। तब उसने खुद को प्रोपर्टी डीलर बताते हुए कहा कि उसके ऑफिस में ऑफिस बाँय की जरूरत है और वेतन 15 हजार रूपये देने की बात कही। इस पर परिवादी शक्तिसिंह ने उनके ऑफिस हॉट विल्स रेस्टोरेन्ट जिप्सी होटल के पास सरदारपुरा जाना शुरू किया। मोतीलाल ने कहा कि उसकी पहचान राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल से है और वे मेरे रिश्तेदार भी है। एम्स में संविदा कर्मी के तौर पर लगा सकता हूँ, जिसकी महिने की सैलरी 25,000 रूपए होगी। तुझे लगना हो तो बता देना। परिवादी ने पिता खींवराज से बात की। पिता ने विश्वास करके मोतीलाल से दूरभाष से सम्पर्क किया।

सूरत रेप मामले में आसाराम को जमानत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है।

हालांकि उनके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है क्योंकि आसाराम नाबालिग से रेप का भी दोषी है और इस मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को निर्देश दिया है कि वे सबूतों से छेड़छाड़ न करे और रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से न मिले। अंतरित जमानत के दौरान आसाराम बापू के साथ पुलिसकर्मी भी रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और राजेश बिंदल की पीठ ने याचिका के आधार पर पाया कि आसाराम दिल की बीमारी के अलावा उम्र से जुड़ी कई बीमारियों से पीड़ित है। उसका फिलहाल जोधपुर के आरोग्य मेडिकल सेंटर में इलाज चल रहा है। वे जोधपुर सेंट्रल जेल में अपनी सजा काट रहे है, इसे ध्यान मे रखते हुए 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी है।

'अधिकारियों के तर्क व तथ्य क्लियर रहें'

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में कार्यों की समीक्षा

जोधपुर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों एवं विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर अपने जिले की प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरण एवं समस्या समाधान से संबंधित कार्य पर अधिकारियों के तर्क एवं तथ्य क्लियर होने चाहिए। सभी अधिकारी इस संबंध में विशेष सावधानी बरतें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि जनहित एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्रता से पूरा किया जाए।

संभागीय आयुक्त डॉ. सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जोधपुर सहित जोधपुर संभाग की जिलेवार बजट घोषणाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं वास्तविक स्थिति के संबंध में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअली माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर डॉ. सिंह बजट घोषणाओं के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी लेते हुए प्रत्येक विभाग को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल सहित वर्चुअली जोधपुर संभाग के अन्य जिला के कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिले से संबंधित विभिन्न बजट घोषणाओं, योजनाओं एवं जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति व वास्तविक स्थिति से अवगत करवाया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुरेन्द्र सिंह पुरोहित, उपखंड अधिकारी उतर आईएएस प्रशिक्षु रवि कुमार, आईएएस प्रशिक्षु अक्षत कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आर्मी कैंट में घूम रहा एक व्यक्ति संदेह पर गिरफ्तार

पोकरण, (कासं)। पोकरण में सोमवार रात्रि में एक संदिग्ध आर्मी कैंट में घूमता पाया गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि में करीब दस बजे एक व्यक्ति पोकरण स्थित आर्मी कैंट घूम रहा था। आर्मी के जवानों की सतर्कता से संदिग्ध पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति तारबंदी को पार कर आर्मी कैंट के अंदर पहुंचा गया था। इस संदिग्ध के पास एक बैग भी मिला। पोकरण पुलिस के अनुसार इस के पास कोई पहचान संबंधित दस्तावेज नहीं मिले हैं। पोकरण स्थित सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्ध से पूछताछ की जिसमें उसने अपना नाम हसीद फरीदी उर्फ बबलू अमीनाबाद लखनऊ का निवासी बताया है। आर्मी इंटेलीजेंस ने देर रात गहनता से संदिग्ध से पूछताछ की। मगंलवार सुबह पोकरण थाने को उसे सुपुर्द किया। संदिग्ध व्यक्ति आर्मी जवानों की सतर्कता से पकड़ा गया है।

लगातार सभी सुरक्षा एजेंसियां व पुलिस प्रशासन द्वारा संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। थानाप्रभारी जयकिशन सोनी ने बताया कि आर्मी की सुरक्षा एजेंसी द्वारा संदिग्ध व्यक्ति से गहनता से पूछताछ की जा रही है। देर शाम तक कोई विशेष जानकारी नहीं मिली है।

परिसीमांकन के प्रस्ताव एवं वार्डों के सीमांकन कार्य पर चर्चा की

जालोर , (कासं)। आहोर नगर एवं मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक सरोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भैंवरलाल मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र जोशी के विशिष्ट आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शक्ति सराय में आयोजित की गई।

बैठक में आहोर नगर पालिका क्षेत्र में किये जा रहे परिसीमांकन के प्रस्ताव एवं वार्डों के सीमांकन गठन के दावे आपत्ति को लेकर समस्त कांग्रेसजन से विचार विमर्श कर 5 सदस्य कमेटी का गठन किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में आहोर से कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज चौधरी ने कहा कि आहोर के समस्त कांग्रेसजन को जागरुकता के साथ परिसीमांकन परिपत्र को पढकर संबंधित वार्ड के गठन,परीसीमांकन को ध्यान में रखते हुए दावे आपत्ति होने पर आपत्ति समय अनुसार दर्ज करवानी चाहिए। जिससे नियमानुसार आहोर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड का गठन हो सके। उन्होंने कहा कि पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आहोर के विकास हेतु नगर पालिका का गठन किया था।हम समस्त कांग्रेसजन को एकजुट होकर आगामी नगर निकाय चुनाव में मेहनत करके आहोर में कांग्रेस का बोर्ड बनाना है जिससे आहोर नगर पालिका क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि आहोर के समस्त कांग्रेसजन को राज्य की भाजपा सरकार की एक वर्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुचाने का कार्य करना चाहिए। साथ ही पुरवर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा आहोर विधानसभा क्षेत्र में किये कार्यो का प्रचार प्रसार करने की बात कही।

ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र जोशी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बने 1 वर्ष पूरा हो गया है लेकिन भाजपा के नेताओं के पास एक भी कार्य आहोर क्षेत्र की जनता को बताने लायक नही है। मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंडल अध्यक्ष पीरसिंह बालोत, मंडल अध्यक्ष कुशाल सिंह राजपुरोहित, बस्तीमल चौहान, नारायण सिंह राठौड, लुणाराम, महिपाल सिंह, उदयराज, समीर पठान, चन्दन रावल, तुलाराम देवासी, शेषाराम, युसुफ, रमेश प्रजापत, जामताराम सुथार सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

आहोर नगर एवं मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक सरोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

नाबालिग ने आत्महत्या की, टीचर पर परेशान करने का केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग युवती ने अपने अध्यापक से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। उसने सेल्फास की गोलियां खाई थी। इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने प्राइवेट स्कूल टीचर के खिलाफ बेटी को मिलने के लिए दबाव बनाने और धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था।

परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती थी। यहां पर प्राइवेट स्कूल के टीचर ने उनकी बेटी को स्कूल में अश्लील इशारा किया। मिलने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। घर वालों ने स्कूल संचालक और आरोपी टीचर को भी उलाहना दी। आरोपी नहीं माना। परेशान होकर बेटी ने पांच दिसंबर को सेल्फास की गोलियां खा ली। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच थानाधिकारी देवीचंद ढाका कर रहे हैं।

पड़ोसी पर चाकू से हमला

जोधपुर , (कासं)। चांदपोल पुलिस चौकी के पास एक युवक को सरेराह चाकू मारने का वीडियो सामने आया है। हमलावार हाथ में धारदार चाकू लेकर बाइक पर पहुंचे थे। चांदपोल चौकी के पास युवक पैदल चल रहा था उसे रोका और पटक कर पहले पीटा फिर चाकू से वार किया। तीन युवक में से एक ने पहले पटक कर मारा दूसरे के हाथ में चाकू था उसने वार किया, तीसरा बाइक लेकर आया। तीनों बाइक पर सवार हुए और वहां से भाग निकले।